**<u>भारत सरकार  के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं आईआईटी भिलाई इन्नोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान से पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद में तीन दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा वित्तीय सशक्तिकरण पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 29 से 31 जनवरी 2024 तक</u>**

भारत सरकार  के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं आईआईटी भिलाई इन्नोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान से पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद में तीन दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा वित्तीय सशक्तिकरण फिंनटेक फिर आल पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम के उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय जब तकनीकी विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर केशव कांत साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री सुनील कुमेटी प्रोजेक्ट प्रिंसिपल इनवेसिटगेटर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट ऑफ़ एजुकेशन , इसके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री मनोज दास लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर महासमुंद प्रोफेसर एल एस गजपाल विभागाध्यक्ष क्षेत्रीय अध्ययनशाला एवं समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर एवं श्री जीएस कागजी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला महासमुंद एवं प्राचार्य डॉ एस बी कुमार शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के 50 छात्राएं सम्मिलित हो रहे है जिन्हें वित्तीय प्रबंधन डिजिटल साक्षरता स्मार्ट सेविंग स्कीम, बैंक लोन से संबंधित फाइनेंशियल रिस्क एवं साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके बताए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सवेतलाना नागल विभागाध्यक्ष सूक्ष्म जीव विज्ञान ने किया धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सरस्वती वर्मा ने प्रस्तुत किया ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं स्टाफ ने अपनी सक्रिय सहभागिता दी। उदघाटन सत्र के उपरांत प्रथम सत्र में श्री मनीष दास ने वित्तीय साक्षरता की आवश्यकता एवं महत्व पर व्याख्यान दिया। पूर्व डिविजनल मैनेजर ओरिएंटल बैंक ऑफ़ कॉमर्स श्री अनिल साव ने अपने वक्तव्य में वित्तीय प्रबंधन एवं स्मार्ट सेविंग स्कीम्स की जानकारी साझा की तथा सखी समूह से टी प्पणी दुर्गा ज्योति राव ने वित्तीय साक्षरता से संबंधित आवश्यक कानूनी सलाह छात्राओं को जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर शीलभद्र  कुमार ने प्रतिभागियों से कहा कि वित्त प्रबंधन की जानकारी हर छोटे एवं बड़े इंसान को होना आवश्यक है तभी व्यक्ति अपना भविष्य सुरक्षित एवं सुखद बना सकता है। प्रोफेसर गजपाल ने अपने वक्तव्य में आने वाले तीन दिनों की कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की एवं प्रतिभागियों को बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया साथी उन्होंने छात्राओं को इस कार्यशाला के उपरांत अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर केशव कांत साहू ने भारत सरकार की पहल एवं उद्देश्यों की जानकारी समस्त प्रतिभागियों को दी प्रोफेसर साहू ने इस बात पर जोर दिया कि ग्रामीण एवं पिछड़े इलाकों में वित्तीय साक्षरता आज भी ना के बराबर है ऐसे में जरूरी है की युवा पीढ़ी अपने गांव में वित्तीय तकनीक की जानकारी अपने समाज में प्रसारित करें और सही मायने में भारत सरकार की पहल के ब्रांड एंबेसडर बने।

इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में  महाविद्यालय के समस्त छात्राएं भी उपस्थित रही और आयोजन से लाभान्वित हुई।

दूसरे दिवस बैंक ऑफ़ बरोदा और स्वरोजगार केंद्र के डायरेक्टर श्री टी टी बेहेरा ने अपने वक्तव्य में प्रतिभागियों को वित्तीय प्रबंधन में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर व्याख्यान दिया जिसके अंतर्गत बैंकिंग सेक्टर द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाएं की जानकारी छात्राओं के साथ साझा की साथ ही प्रतिभागियों के सवालों का जवाब भी दिया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र महासमुंद से पधारे श्री प्रफुल्ल साहू ने प्रतिभागियों को भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना ,औद्योगिक नीति 2019 24 की संक्षिप्त जानकारी दी साथ ही विभिन्न उद्योगों को स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा दी जा रही छूट, उसके लिए आवश्यक दस्तावेज एवं योग्यता संबंधी जानकारी दी। लंच ब्रेक के उपरांत तृतीय सत्र में ग्रामीण स्वरोजगार ट्रेनिंग केंद्र से पधारे श्री प्रतीक साहब गुप्ता ने खेलों के माध्यम से प्रतिभागियों को फाइनेंशियल रिस्क के लाभ एवं जोखिम समझाये। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में सिटी कोतवाली साइबर क्राइम सेल से पधारे  अनु भोई, मनोज डैडसेना सुश्री तरुणा मदनकार ने छात्राओं को साइबर फ्राड से बचने के तरीके बताएं। इस अवसर पर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की फिजिक्स एवं फोटोनिक्स डिपार्टमेंट की विभाग अध्यक्ष डॉक्टर कविता ठाकुर मैडम भी उपस्थित रही एवं छात्राओं से कार्यक्रम के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया इस कार्यक्रम का संचालन डॉ स्वेतलाना  नागल ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनोज कुमार शर्मा ने प्रस्तुत किया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस बी कुमार ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की डिजिटल क्रांति अपने साथ नए जोखिम भी लेकर आई है इसलिए आवश्यक है कि युवाओं को वित्तीय प्रबंधन की जानकारी दी जाए ताकि वह अपने आप को सुरक्षित रख सके। डॉ कुमार ने पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का आभार भी जताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं स्टाफ ने अपनी सक्रिय सहभागिता दी।




Three Days Workshop
on
Financial Literacy
29th, 30th & 31st January 2024
Inaugural Ceremony
29th January 2024, Time : 10:30 AM
Venue
Govt. Mata Karma Girls College, Mahasamund (C.G.)
Manish Das
Mahasamund




WORKSHOP
ON
FINANCIAL LITERACY PROGRAM
Under the Tribal Area Sub-Plan Scheme of IBITF
Organized by
Three Days Workshop
Financial Literacy
Inaugural Ceremony


WORKSHOP
ON
FINANCIAL LITERACY PROGRAM
Under the Tribal Area Sub-Plan Scheme of IBITF
"AI-Driven Financial Empowerment : FinTech for All"
Organized by
Pt. Ravishankar Shukla University
(C.G.)
Three Days Workshop
Financial Literacy
Inaugural Ceremony